रजिस्ट्री सं० डी—(डी एन)—128/92 REGISTERED NO. D—(DN)—128/92

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 15, 1992 (माघ 26, 1913)
No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 15, 1992 (MAGHA 26, 1913)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग I—खण्ड 2

[PART I—SECTION 2]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 31 दिसम्बर 1991

सं. पी.एफ. 1241(3)/ए.एन. 1/जी.एन.2162/91—श्री डी. एस. बीरवाल, 3950-5000 रुपये के वेतनमान में उप सचिव, अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने के पश्चात् 31 दिसम्बर, 1991 के मध्याह्न पश्चात् से सेवानिवृत्त हो गए हैं ।

सं. पी.एफ. 681(3)/ए.एन. 1/जी. एन. 2163/91—श्री सुमेर चन्द गुप्ता, 2200-4000 रुपए के वेतनमान में विधायी/कार्यकारी अधिकारी, अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने के पश्चात् 31 दिसम्बर, 1991 के मध्याह्न पश्चात् से सेवा-निवृत्त हो गए हैं ।

दिनांक 1 जनवरी 1992

सं. पी.एफ. 1005(3)/ए.एन. 1/जी.एन. 2170/92—इस सचिवालय की दिनांक 1 जुलाई, 1991 की अधिसूचना संख्या पी.एफ. 1005(3)/ए. एन.1/जी. एन. 2042/91 के क्रम में श्री डी. पी. भाटिया अगले आदेशों तक निजी सचिव ग्रेड-1 के रूप में कार्य करते रहेंगे ।

दिनांक 9 जनवरी 1991

सं. पी.एफ. 856(3)/ए. एन.1/जी. एन. 2179/92—इस सचिवालय की दिनांक 25 जून, 1991 की अधिसूचना संख्या पी. एफ. 856(3)/ए. एन.1/जी. एन. 2022/91 के क्रम में श्री आर. एस. गौतम (योजना और कार्यक्रम क्रिया-न्वयन मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर) अगले आदेशों तक वरिष्ठ सम्पादक के रूप में कार्य करते रहेंगे ।

दिनांक 13 जनवरी 1992

सं. पी.एफ. 1010(3)/ए. एन. 1/जी.एन. 2180/92—इस सचिवालय की दिनांक 1 जुलाई, 1991 की अधिसूचना संख्या पी.एफ. 1005(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2042/91 के क्रम में श्री बलवीर सिंह अगले आदेशों तक निजी सचिव ग्रेड-एक के पद पर कार्य करते रहेंगे ।

सं. पी.एफ. 1833(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2181/92—इस सचिवालय की दिनांक 1 जलाई, 1991 की अधि-सूचना संख्या पी. एफ. 1833(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2037/91 के क्रम में श्री पी. कुलशेखरन अगले आदेशों तक वरिष्ठ संसदीय आशुलेखक के पद पर कार्य करते रहेंगे ।

सं. पी. एफ. 473(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2182/92—अध्यक्ष, 4500-5700 रुपए के वेतनमान में कार्यरत निदेशक श्री एस. एस. गुरुमूर्ति को 1 जनवरी, 1992 से 31 जनवरी, 1992 तक की अवधि के लिए 5900-200-6700 रुपए के वेतनमान में संयुक्त सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं ।

सं. पी. एफ. 793(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2183/92—अध्यक्ष, 4500-5700 रुपये के वेतनमान में कार्यरत निदेशक श्री टी. एस. अहलवालिया को 1 जनवरी, 1992 से 30 अप्रैल, 1992 तक की अवधि के लिए 5900-200-6700 रुपये के वेतनमान में संयुक्त सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

सं. पी.एफ. 552(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2184/92—अध्यक्ष, 3500-5000 रुपये के वेतनमान में कार्यरत अवर सचिव श्री के. एम. मित्तल को 1 जनवरी, 1992 से 30 जन, 1992 तक की अवधि के लिए 3950-125-4700-150-5000 रुपये के वेतनमान में उप सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

सं. पी. एफ. 421(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2185/92—अध्यक्ष, 3500-5000 रुपये के वेतनमान में कार्यरत अवर सचिव श्री एम. के. मजुमदार को, जो इस समय योजना आयोग, भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर हैं, 1 जनवरी, 1992 से 30 जून, 1992 तक की अवधि के लिए 3950-125-4700-150-5000 रुपये के वेतनमान में उप सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से प्रोफार्मा पदोन्नति देते हैं ।

सं. पी. एफ. 350(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2186/92—अध्यक्ष, 3500-5000 रुपये के वेतनमान में कार्यरत अवर सचिव श्री ए. एन. खोपड़ा को 1 जनवरी, 1992 से 30 जन, 1992 तक की अवधि के लिए 3950-125-4700-150-5000 रुपये के वेतनमान में उप सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं ।

सं. पी. एफ. 1294(3)/ए. एन. 1/जी एन. 2187/92—2200-4000 रुपए के वेतनमान में कार्यरत निम्नलिखित विधायी/कार्यकारी/समिति/प्रोटोकाल अधिकारियों को 1 जनवरी, 1992 से 30 जून, 1992 तक की अवधि के लिए 3000-4500 रुपये के वेतनमान में सहायक निदेशक के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है :—

1. श्री पी. के. भंडारी
2. श्री विनोद कुमार शर्मा
3. श्री एस. बालशेखरन
4. श्री पी. के. ग्रोवर
5. श्री जे. पी. शर्मा

दिनांक 14 जनवरी 1992

सं. पी. एफ. 490(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2188/92—इस सचिवालय की दिनांक 1 जुलाई, 1991 की अधिसूचना संख्या पी. एफ. 490(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2036/91 के क्रम में श्री आर. के. चटर्जी अगले आदेशों तक उप सचिव के पद पर कार्य करते रहेंगे ।

सं. पी. एफ. 1062(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2189/92—इस सचिवालय की दिनांक 19 जुलाई, 1991 की अधिसूचना संख्या 1062(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2056/91 के क्रम में श्री एस. सी. रस्तोगी अगले आदेशों तक अवर सचिव के पद पर कार्य करते रहेंगे ।

सं. पी. एफ. 345(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2190/92—इस सचिवालय की दिनांक 1 मई, 1991 की अधिसूचना संख्या पी. एफ. 345(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 1991/91 के क्रम में श्री के. एल. भाम्बरी अगले आदेशों तक सहायक निदेशक के रूप में कार्य करते रहेंगे ।

सं. पी. एफ. 376(3)/ए. एन. 1/जी. एन. 2192/92—अध्यक्ष, 3950-5000 रुपये के वेतनमान में कार्यरत मुख्य सम्पादक श्री आर. सी. शर्मा को 1 जनवरी, 1992 से 31 मार्च, 1992 तक की अवधि के लिए 4500-150-5700 रुपये के वेतनमान में निदेशक के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं ।

के. के. शर्मा, संयुक्त सचिव

इलेक्ट्रानिकी विभाग

मानकीकरण, परीक्षण तथा गुणवत्ता नियंत्रण निदेशालय

नई दिल्ली—110049, दिनांक 14 जनवरी 1992

सं० 1(5)/91—रि० प्र०—राष्ट्रपति जी ने समीक्षा को अमल में लाने के उद्देश्य से निम्नलिखित अधिकारियों को दिनांक 1 जनवरी, 1992 से उच्चतर ग्रेड में नियुक्त किया है :—

क्रम सं०	नाम तथा पदनाम	तैनाती का स्थान	पदोन्नति का पद	वेतनमान
1	2	3	4	5
	सर्वश्री			
1.	सुरजीत सिंह, वैज्ञानिक/इंजीनियर	इलेक्ट्रानिकी क्षेत्रीय परीक्षण प्रयोगशाला (उ) नई दिल्ली	वैज्ञा०/इंजी० "एस ई"	रु० 3700—5000
2.	पी० सी० बनर्जी, वैज्ञा/इंजीनियर "एस० डी०"	इ० क्षे० प० प्रयोगशाला, (पू०) कलकत्ता	—यथोपरि—	—यथोपरि—
3.	के सुरेन्द्र, वैज्ञा०/इंजीनियर "एस० डी०"	इ० प० तथा वि० केन्द्र, हैदराबाद	—यथोपरि—	—यथोपरि—

1	2	3	4	5
	सर्वश्री			
4.	श्रीमती कुसुम चावला, वैज्ञा०/इंजीनियर "एस० डी०"	इ० क्षे० प० प्रयोगशाला (उ) नई दिल्ली	वैज्ञा०/इंजी "एस० डी०"	रु० 3000–4500
5.	श्रीमती लता कृष्णामूर्ति, वैज्ञा/इंजीनियर 'एस० सी०'	इ० क्षे० प० प्रयोगशाला (द) त्रिवेन्द्रम	–यथोपरि–	–यथोपरि–
6.	श्रीमती लता विश्वनाथ, वैज्ञा०/इंजीनियर "एस० सी०"	इ० क्षे० प० प्रयोगशाला, (उ०) नई दिल्ली	–यथोपरि–	–यथोपरि–
7.	श्रीमती पद्मा कुमारी, अम्मा वैज्ञा०/इंजीनियर "एस० सी०"	इ० क्षे० प० प्रयोगशाला, त्रिवेंद्रम	–यथोपरि–	–यथोपरि–
8.	डेनिसन राज, वैज्ञा०/इंजीनियर "एस० सी०"	–यथोपरि–	–यथोपरि–	–यथोपरि–
9.	बी० एम० डाली, वैज्ञा०/इंजीनियर "एस० सी०"	इ० प० तथा वि० केन्द्र, बंगलौर	–यथोपरि–	–यथोपरि–
10.	अभिजित दास गुप्ता, वैज्ञानिक इंजीनियर "एस बी"	इ० क्षे० प० प्रयोगशाला, कल.त्ता	वैज्ञा०/इंजी० "एस० सी०"	रु० 2200–4000

लक्ष्मी नारायण मेहता, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी 1992

स० 14(1)91–का० प्र०—निम्नलिखित वैज्ञानिक तथा तकनीकी अधिकारियों द्वारा परिवीक्षा की अवधि का एक वर्ष का समय संतोषजनक पूरा किए जाने पर राष्ट्रपति जी ने उनकी इलेक्ट्रानिकी विभाग के मानकीकरण, परीक्षण तथा गुणवत्ता नियंत्रण निदेशालय के अन्तर्गत अधीनस्थ कार्यालयों में नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार स्थाई रूप से नियुक्त किया है :—

क्रम सं०	नाम व पद नाम	वेतनमान	परीवीक्षा की अवधि पूरा करने व स्थाई तौर पर नियुक्ति की तारीख
	सर्वश्री		
1.	डा० बी० के० खण्डेलवाल, वैज्ञानिक/इंजीनियर "एस० ई०" राष्ट्रीय पर्यवेक्षी निरीक्षालय, (नई दिल्ली)	रु० 3700–5000	20–10–90
2.	यू० के० नदवानी, वैज्ञानिक/इंजीनियर "एस० डी०", राष्ट्रीय पर्यवेक्षी निरीक्षालय (नई दिल्ली)	रु० 3000–4500	29–5–90
3.	गौतम पाल, वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एस० डी०', ई० टी० डी० सी० (मद्रास)	रु० 3000–4500	9–7–91
4.	के० शंकरा सुब्रमनियन, वैज्ञानिक/इंजीनियर "एस० सी०", ई० टी० डी० सी० (मद्रास)	रु० 2200–4000	12–3–91
5.	श्रीमती के० अरूलसेलवी, वैज्ञा०/इंजीनियर "एस० सी०" ई० टी० डी० सी० (मद्रास)	रु० 2200–4000	20–8–91

अमर नाथ शर्मा, उप–निदेशक

योजना मंत्रालय

(सांख्यिकी विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 13 जनवरी 1992

सं. 12018/3/91-भा.सां.सं.—भारतीय सांख्यिकीय सेवा के ग्रेड तीन अधिकारी तथा केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली में उप निदेशक, श्री आर. पी. साहनी अधिवर्षिता पर 31 दिसम्बर, 1991 (अपराह्न) को भारतीय सांख्यिकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गये हैं ।

आर. एम. सुन्दरम, अवर सचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 16 जनवरी 1992

सं. ए-32014/2/91-रा.प्र.सर्वे. 2/प्रशा. 4—राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, सांख्यिकी विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एतद् द्वारा सर्वेक्षण अभिकल्प एवं अनुसंधान प्रभाग, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, कलकत्ता में कार्यालय अधीक्षक श्री मृणाल कान्ति फौजदार को 16 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से कलकत्ता में समंक विधायन केन्द्र कलकत्ता-2 समंक विधायन प्रभाग, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन में लेखा-एवं-प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं ।

जी. डी. शर्मा, अवर सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 10 जनवरी 1992

सं. ए-44011/1/91-प्रशा.-1—भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-1 अधिकारी तथा योजना आयोग में उप-सलाहकार श्री पी. एस. माथुर का स्थानान्तरण कपड़ा मंत्रालय में उप आर्थिक सलाहकार के रूप में होने के परिणामस्वरूप उन्हें 17 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से योजना आयोग में उनके कार्यभार से कार्य-मुक्त किया जाता है ।

दिनांक 16 जनवरी 1992

सं. ए. 12025/24/89-प्रशा. 2—राष्ट्रपति, श्री मदन कुमार झा को 31 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से तथा अगले आदेशों तक योजना आयोग में अस्थाई रूप से वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (पैट्रोलियम) के रूप में नियुक्त करते हैं ।

एस. पी. भाटिया, अवर सचिव

विधि एवं न्याय मंत्रालय

(न्याय विभाग)

नई दिल्ली-110011, दिनांक 14 जनवरी 1992

सं. के. 13014/12/90-डेस्क-1—भारत के संविधान के अनुच्छेद 224 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति श्री श्रीनिवास गौरीशंकर मृतालीक को बम्बई उच्च न्यायालय में दो वर्ष की अवधि के लिए अपर न्यायाधीश के रूप में उस तारीख से नियुक्त करते हैं जिससे वे अपने पद का कार्यभार सम्भालते हैं ।

एस. के. बोस, संयुक्त सचिव

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 30 दिसम्बर 1991

सं. पी एफ जी (636)/90-प्रशा.-1—न्यायाधीश श्री राघवेन्द्र अन्नथाचार्य जहांगीरदार, अध्यक्ष, एम आर टी पी आयोग द्वारा अपना त्यागपत्र देने के परिणामस्वरूप उन्होंने दिनांक 16 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से अपने कार्यालय का कार्यभार छोड़ दिया है ।

दिनांक 1 जनवरी 1992

सं. ची. एफ. जी./371/प्रशा.-2/78—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 448 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी अभियोजक ग्रेड-2 श्री वी. के. जैन को शासकीय समापक, दिल्ली के कार्यालय में पदेन सहायक शासकीय समापक के पद पर अगले आदेशों तक, तत्काल नियुक्त करती है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 16 जनवरी 1992

सं. ए-32013/10/91-प्रशा.1(क)—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों को, जो इस समय उनके नामों के सामने उल्लिखित विभागों/कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर हैं, दिनांक 4 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक, उक्त सेवा के ग्रेड में, प्रोफार्मा पदोन्नति प्रदान करते हैं :—

क्रम सं., नाम तथा कार्यालय/विभाग

सर्वश्री

1. एम. वेंकटरमण—कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
2. ए. एन. चक्रवर्ती—सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान

ये नियुक्तियां संघ लोक सेवा आयोग के अनुमोदन तथा उच्चतम न्यायालय में भारत संघ तथा अन्य बनाम श्री अमृत लाल तथा अन्य के लंबित एस. एल. पी. सं. 15250/88, अब वर्ष 1991 की सिविल अपील सं. 3797 पर उच्चतम न्यायालय के अंतिम फैसले पर निर्भर करेंगी ।

एल. के. गर्ग, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक जनवरी 1992

सं. ए-32014/1/91-प्रशा. 1(ग)—दिनांक 25-9-1991की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में श्री अशोक कुमार आनंद को सचिवालय सुरक्षा संगठन में 22-12-1991 से 22-2-1992 तक दो महीने की और आगे अवधि के लिए, तदर्थ आधार पर पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाता है ।

दिनांक 13 जनवरी 1992

सं० ए०-32014/3/91-प्रशासन-1 (क)—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के निम्नलिखित वैयक्तिक सहायकों को उक्त संवर्ग के आशुलिपिक वर्ग 'क' और 'ख' के सम्मिलित ग्रेड में उनके नामों के सामने दर्शाई गई अवधि तथा विभागों में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं०	अधिकारी का नाम	से	तक	विभाग
1.	श्री जे० के० तलवार	15-11-1991	12-12-91	सांख्यिकी विभाग
2.	श्री एन० पी० जैन	15-11-1991	12-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य) डी० जी० सी० डी०

दिनांक 14 जनवरी 1992

सं. ए-32014/8/91-प्रशा. 1(क)—वरिष्ठता कोटे में वर्ष 1990 के लिए गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग की सम्मिलित ग्रेड "क" और "ख" की चयन सूची में उनका नाम शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप, राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी ग्रेड "ग" आशुलिपिकों को प्रत्येक के सामने दर्शाए गए विभागों/कार्यालयों में 28 नवम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से सम्मिलित ग्रेड "क" और "ख" आशुलिपिक के रूप में नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं., अधिकारी का नाम तथा जिस कार्यालय में तैनात किया गया है

1. सुश्री अरुणा अश्ता कुमारी—मंत्रीमंडल सचिवालय (एस)
2. श्री मुनी लाल (एस सी)—गृह मंत्रालय (मुख्य)

दिनांक 15 जनवरी 1992

सं. पीएफ/पी/46-प्रशा. 1(ग)—अधिवर्षिता की आयु होने पर, मुख्य लेखा नियंत्रक के कार्यालय, सी बी डी टी के भुगतान तथा लेखा अधिकारी, श्री गुरुदेव सिंह, गृह मंत्रालय में सहायक निदेशक (एफ सी आर ए) के पद से 31 दिसम्बर, 1991 के अपराह्न से सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त हो गए ।

दिनांक 17 जनवरी 1992

सं० ए-32014/15/91-प्रशा० I (क)—संयुक्त सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 1990 के आधार पर वर्ष 1990 के लिए केन्द्रीय सचिवालय सेवाओं के अनुभाग अधिकारी ग्रेड की चयन सूची में उनका नाम शामिल किए जाने और गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग में उनका आवंटन किए जाने के परिणामस्वरूप, राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय संवर्ग के निम्नलिखित सहायकों/आशुलिपिकों को उसी संवर्ग में अनुभाग अधिकारियों के रूप में अगले आदेश होने तक उनके नामों के सामने उल्लिखित विभागों/कार्यालयों में और तारीखों से नियुक्त करते हैं :—

क्र० सं०	अधिकारी का नाम	रैंक (परीक्षा में)	जिस तारीख को कार्यभार संभाला	विभाग/कार्यालय
	सर्वश्री			
1.	शिव कुमार	2	17-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
2.	शरत चन्द्र दास	3	18-12-91	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
3.	श्रीमती सावित्री एस० मणि	17	17-12-91	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
4.	ओ० पी० जोशी	18	17-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
5.	मोहन लाल	48	23-12-91	महासागर विकास विभाग
6.	नेमी चन्द शर्मा	54	17-12-91	प्रधान मंत्री का कार्यालय
7.	अमरेश कुमार कश्यप	56	17-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
8.	चानन राम	82	24-12-91	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
9.	पवन कुमार मिश्रा	89	19-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
10.	नवीन चन्द्र	96	19-12-91	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
11.	ब्रह्म प्रकाश बुकेर	102	26-12-91	मंत्रिमंडल सचिवालय (जे० आई० सी०)
12.	बलराज सिंह	109	17-12-91	सचिवालय मंत्रिमंडल (आर० बी०)
13.	आर० चन्द्र सेकरन	119	17-12-91	एस० एस० सी०
14.	सोहन कृष्ण शर्मा	122	26-12-91	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
15.	प्रीतम लाल	124	17-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
16.	आर० के० जैन	130	23-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)

दिनांक 21 जनवरी 1992

सं० ए-32014/4/4/91-प्रशा-1(क)—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी सहायकों को प्रत्येक के समक्ष दी गई अवधि के लिए अथवा नियमित अनुभाग अधिकारियों के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो उस अवधि के लिए उनके नामों के सामने उल्लिखित विभागों/कार्यालयों में तदर्थ आधार पर उक्त संवर्ग के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करते हैं :—

क्र० सं०	अधिकारी का नाम	अवधि		व्यवधान की तारीख	विभाग/कार्यालय
		से	तक		
1	2	3	4	5	6
	सर्वश्री				
1.	सुख देव राज	14-10-91	16-11-91*	11से 13-10 91	प्रशासन सुधार एवं लोक शिका० विभाग
2.	एन० के० जौहर	14-11-91	16-11-91*	13-11-91	सांख्यिकी विभाग
3.	आर० एस० वर्मा	14-11-91	16-11-91*	13-11-91	का० एवं प्रशि० विभाग
4.	के० जी० आनन्द	30-12-91	27-4-92	28 और 29-11-91	का० एवं प्रशि० विभाग
5.	बी० एम० जुयाल	20-12-91	17-4-93	19-12-91	आर० जी० आई०
6.	जी० एम० खैमानी	25-11-91	23-3-92	23 और 24-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
7.	एस० ए० घोष	4-11-91	16-11-91*	2 और 3-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
8.	श्रीमती एल० पी० श्रीवास्तव	11-11-91	16-11-91*	8, 9 और 10-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
9.	एस० पी० साहनी	4-10-91	16-11-91*	3-10-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
10.	के० एल० साहा	30-10-91	26-2-92	29-10-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
11.	आर० के० मैत्रे	25-10-91	16-11-91*	24-10-91	का० एवं प्रशि० विभाग
12.	डी० एस० धर्मी	11-10-91	7-2-92	10-10-91	सांख्यिकी विभाग
13.	बी० के० चौधरी	28-11-91	26-3-92	27-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
14.	जय प्रकाश	17-11-91	15-3-92	16-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
15.	धर्मू राम	25-10-91	31-1-92**	24-10-91	का० एवं प्रशि० विभाग
16.	बाल कृष्ण सिंह	11-11-91	9-3-92	9, 10 और 11-11-91	मंत्रिमंडल सचिवालय (रा० भवन)
17.	रोलू राम	25-11-91	23-3-92	23 और 24-11-91	कार्मिक एवं प्रशि० विभाग
18.	बी० एल० आजाद	13-12-91	10-4-92	12-12-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
19.	सी० टोपो	4-11-91	16-11-91	1, 2 और 3-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
20.	गुलाब सिंह	17-11-91	15-3-92	16-11-91	एन० सी० आर० बी०
21.	श्रीमती विद्या कपूर	6-1-92	29-2-92**	3, 4 और 5-1-92	कार्मिक एवं प्रशि० विभाग
22.	एन० सी० भट्टाचार्यजी	6-11-91	4-3-92	5-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
23.	पी० एस० पुनिया	6-11-91	4-3-92	5-11-91	एन० जी० आर० बी०
24.	सी० डी० तौरा	14-11-91	12-3-92	13-11-91	का० एवं० प्रशि० विभाग

1	2	3	4	5	6
	सर्वश्री				
25.	राम कंवर	7-11-91	5-3-92	6-11-91	का० एवं प्रशि० विभाग
26.	एस० एन० शर्मा	11-11-91	9-3-92	9 और 10-11-91	प्रधानमंत्री कार्यालय
27.	एल० एल० दुर्ग	13-11-91	11-3-92	12-11-91	कार्मिक एवं प्रशि० विभाग
28.	सिकंदर लाल	7-11-91	5-3-92	6-11-91	कार्मि० एवं प्रशि० विभाग
29.	रतन लाल-II	11-11-91	9-3-92	9, 10 और 11-11-91	कर्मचारी चयन आयोग
30.	एच० सी० खुल्बे	11-11-91	9-3-92	9, 10 और 11-11-91	गृह मंत्रालय (मुख्य)
31.	केले राम	30-9-91	16-12-91***	—	कार्मि० एवं प्रशि० विभाग
32.	हरि सिंह	7-10-91	16-12-91***	—	कार्मि० एवं प्रशि० विभाग
33.	एम० एल० खुट्टन	4-10-91	27-11-91***	—	कार्मिक एवं प्रशि० विभाग
34.	श्रीमती एस० अनाथ	28-10-91	16-11-91*	—	गृह मंत्रालय (मुख्य)
35.	ए० के० श्रीवास्तव	28-10-91	16-11-91*	—	कार्मिक एवं प्रशि० विभाग
36.	सुश्री नीरज कटारिया	11-11-91	9-3-92	—	कार्मिक एवं प्रशि० विभाग

*17-11-91 से नियमित

**सेवा निवृत्त

***प्रत्यावर्तित

एस० पी० गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 10 जनवरी 1992

सं. 1-14013/7/91-आई पी एस-1—राष्ट्रपति, भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 9 के उप विनियम (1) के साथ पठित भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 9 के उप नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्य प्रदेश राज्य पुलिस सेवा के निम्नलिखित सदस्य को भारतीय पुलिस सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं तथा उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 5 के उप नियम (1) के अंतर्गत मध्य प्रदेश संवर्ग प्रदान करते हैं। यह नियुक्ति इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से प्रभावी होगी :—

क्रम सं. अधिकारी का नाम तथा जन्म तिथि

1. श्री मेघराज आसुदानी—25-1-1954

2. उपरोक्त नियुक्ति माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, जबलपुर बैंच में श्री ए. के. जैन द्वारा दायर ओ ए संख्या 540/91 के परिणाम के अध्यधीन है।

दिनांक 16 जनवरी 1992

सं. 1-18012/7/91-आई पी एस-1—भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 3-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति राजस्थान संवर्ग के निम्नलिखित सदस्यों को उनके नाम के सामने दी गई तारीख से भारतीय पुलिस सेवा में स्थायी करते हैं :—

क्रमांक अधिकारी का नाम तथा भारतीय पुलिस सेवा में स्थायी करने की तारीख

सर्वश्री

1. रामेश्वर सिंह—27-9-1990
2. शंकर लाल सुरोलिया—27-9-1990
3. बनवारी लाल शर्मा—27-9-1990

पी. के. जैन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 13 जनवरी 1992

सं. आई/12014/91-आई एस (डी-3)—राष्ट्रपति, आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय के सेवा निवृत्त अनुभाग अधिकारी श्री वी. दामोदरन को पुनः नियुक्ति के आधार पर 5 अगस्त, 1991 से आगामी आदेशों तक 2000-3500/- रु. के वेतनमान में तर्मा जांच आयोग में सहायक निदेशक के पद पर नियुक्त करते हैं।

दिनांक 16 जनवरी 1992

सं. 1/12014/14/91-आई. एस. (डी-3)—राष्ट्रपति, वर्मा जांच आयोग में सहायक निदेशक, श्री वी. के. दामोदरन को 31-12-1991 (अपराह्न) से कार्यभार से मुक्त करते हैं ।

सं. 1/12014/21/91-आई. एस. (यू एस-डी-2)/वोल्यू. 3—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एस. एल. टुटेजा को जो गृह मंत्रालय में तदर्थ आधार पर अवर सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे हैं, तारीख 24 अक्तूबर, 1991 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक के लिए, प्रतिनियुक्ति के आधार पर जैन जांच आयोग में 3000—4500 रु. के वेतनमान में अवर सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं ।

2. राष्ट्रपति जैन जांच आयोग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अवर सचिव के पद पर नियुक्त श्री एस. एल. टुटेजा को तारीख 1-1-1992 (पूर्वाह्न) से कार्यभार से मुक्त करते हैं ।

सं. 1/12014/21/91-आई.एस. (यू.एस.-डी-2)/डी-3/वोल्यू-3—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी सहायक, श्री शेष नाथ सिंह, को तारीख 28 अक्तूबर, 1991 से आगामी आदेशों तक के लिए जैन जांच आयोग में, प्रतिनियुक्ति के आधार पर 2000 रु. 3500/- के वेतनमान में अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं।

एस. सी. अग्रवाल, निदेशक

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 15 जनवरी 1992

सं. 13017/13/91-अ. भा. से.-1—भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली के नियम 6 के अधीन और बिहार तथा उत्तर प्रदेश सरकारों की सहमति से बिहार संवर्ग की श्रीमती अंशुलि आर्य, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आर. आर. : 89) का उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन अथवा किसी कम्पनी, एसोसिएशन अथवा व्यक्तियों द्वारा बनाई गई संस्था के अधीन चाहे वह नियमित हो या नहीं और जो उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्णतया अथवा मूलतः स्वामित्व अथवा नियंत्रण में हो, दो वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति करती है । यह प्रतिनियुक्ति श्रीमती आर्य द्वारा बिहार सरकार के अधीन धारित पद का कार्यभार सौंपने की तारीख से लागू होगी ।

दिनांक 20 जनवरी 1992

सं. 13017/37/91-अ. भा. से.- (1)—भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम 5 (2) के अधीन और नागालैंड तथा पंजाब सरकार की सहमति से केन्द्रीय सरकार, तत्काल प्रभाव से कुमारी कुसुमजीत सिद्धु, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आर. आर. : 1979) की भारतीय प्रशासनिक सेवा के नागालैंड संवर्ग से भारतीय प्रशासनिक सेवा के पंजाब संवर्ग को स्थानांतरित करती है ।

एम. एन. विद्याशंकर, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी 1992

सं. 3/2/91-के. से (1)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड-1 के अधिकारी श्री पी. के. कपूर को जो स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर कार्यरत थे, केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 48 के अधीन दिनांक 2-12-1991 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति प्रदान करते हैं ।

जी. एस. पीरजादा, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 20 जनवरी 1992

सं. 20/जी/148-प्रशासन-1—अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा के श्री एन. के. शारद ने दिनांक 30 नवम्बर, 1991 की अपराह्न से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने पर इस मंत्रालय में अवर सचिव के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

एम. के. मोहन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 17 जनवरी 1992

सं. 14013/23/91-अ. भा. से.3—राष्ट्रपति, भारतीय प्रशासनिक सेवा (परिवीक्षा) नियमावली, 1954 के नियम 3-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के केरल राज्य संवर्ग के निम्नलिखित सदस्य उसके सामने उल्लिखित तारीख से भारतीय प्रशासनिक सेवा में स्थायी करते हैं :—

श्री डी. रवी—7-11-1989

सं. 23012/9/91-अ. भा. से. (3)—1977 में आयोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा आदि परीक्षा के परिणामों के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त तथा उत्तर प्रदेश को आबंटित श्री कपल देव को अपना नाम श्री कपल देव से बदल कर श्री कपिल देव करने की अनुमति दे दी गई है तथा तदनुसार सभी कार्यालय प्रयोजनों के लिए उन्हें श्री कपिल देव के नाम से जाना जाएगा ।

वत्सला हरिहरन, डेस्क अधिकारी

नई दिल्ली, दिनांक 17 जनवरी 1992

सं. 14015/18/90-अ. भा. से.-1(ख)—भारतीय प्रशासनिक सेवा (चयन द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1956 के विनियम 3 के उप विनियम (4) के साथ पठित भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 8 के उप नियम (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश के गैर-राज्य सिविल सेवा अधिकारी श्री शहजाद खान की नियुक्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा में तत्कालीन प्रभाव से परिवीक्षा पर करते हैं और उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 5 के उप नियम (1) के अधीन मध्य प्रदेश संवर्ग को आबंटित करते हैं ।

पी. पी. कालड़ा, डेस्क अधिकारी

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 सितम्बर 1991

सं. क्यू/पीए-1/54/91—राष्ट्रपति, इस समय भारतीय विदेश सेवा के ग्रेड-4 में कार्यरत सर्वश्री सौरभ कुमार तथा राम मोहन को क्रमशः 1-8-1991 तथा 14-8-1991 के पूर्वाह्न से सेवा के ग्रेड-3 में स्थागापन्न रूप से नियुक्त करते हैं ।

2. भारतीय विदेश सेवा के ग्रेड-3 में पदोन्नति होने पर अधिकारियों ने क्रमशः 1-8-1991 तथा 14-8-1991 के पूर्वाह्न से भारतीय विदेश सेवा के ग्रेड-4 के पद का कार्यभार त्याग दिया है तथा उसी दिन से भारतीय विदेश सेवा के ग्रेड-3 के पद का कार्यभार संभाल लिया है ।

वनश्री बोस, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 14 अगस्त 1991

सं. क्यू/पीए1/42/91—निधर्तन की आयु प्राप्त होने पर ज्यूरिख में भारत के भूतपूर्व प्रधान कौंसल श्री जे. एन. महाजन 31 अक्तूबर, 1990 के अपराह्न से भारतीय विदेश सेवा के ग्रेड-3 से सेवा निवृत्त हो गए ।

आर. के. मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी (पीए1)

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली दिनांक 16 दिसम्बर 1991

(केन्द्रीय राजस्व रासायनिक सेवा स्थापना)

सं. 1 (फा. सं. क-60011/42/91-प्रशा. 2-ख)—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय राजस्व रासायनिक सेवा, समूह "क" के अधिकारी डा. बद्रीप्रसाद को 18-7-1990 के पूर्वाह्न से केन्द्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला, नई दिल्ली में मुख्य रसायनज्ञ के पद पर नियुक्त करते हैं ।

सं. 2 (फा सं. क-60011/42/91-प्रशा. 2-ख)—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय राजस्व रासायनिक सेवा, समूह "क" के निम्नलिखित अधिकारियों को, उनके नामों के सामने उल्लिखित तिथियों से उपमुख्य रसायनज्ञों के पद पर नियुक्त करते हैं। उन्होंने अपने नामों के सामने सूचित प्रयोगशालाओं में उपमुख्य रसायनज्ञ के पद भार को ग्रहण कर लिया है ।

क्रम सं., अधिकारी का नाम/प्रयोगशाला का नाम तथा कार्यभार ग्रहण करने की तारीख

सर्वश्री

1. डा. एन सी. चौधरी, कलकत्ता—28-8-90
2. समरजेत सेन, गाजीपुर—31-12-90 (पूर्वाह्न)
3. सी. रामचन्द्रन, मद्रास—3-9-90 (पूर्वाह्न)

एस. के. वर्मा, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 30 दिसम्बर 1991

(मुख्यालय स्थापना)

सं. 124 (एफ. ए-12026/19/91-प्रशा. 1)—राष्ट्रपति, वित्त मंत्रालय की के. स. से. संवर्ग की निम्नलिखित अनुभाग अधिकारियों को दिनांक 4 दिसम्बर, 1991 की पूर्वाह्न से अथवा अगला आदेश होने तक राजस्व विभाग में के. स. से. के ग्रेड-1 में अवर सचिव नियुक्त करते हैं :—

1. श्री एम. सी. मेहनाथन
2. श्रीमती अनिता चौहान
3. श्री आर. के. मित्रा
4. श्री रमेश कुमार
5. श्री आर. पी. कपूर
6. श्री एस. एस. नागराजन
7. श्री जे. एल. साहनी
8. श्री बी. के. अरोड़ा
9. श्री आर. दोसिकन
10. श्री मून्शी राम
11. श्री एस. एन. साहनी
12. श्री बी. के. मेहता
13. श्री बी. एम. सूरी
14. श्री राजेश चन्द्र
15. श्री सुधीर कुमार वर्मा
16. श्री टी. एस. सन्धु
17. श्री ओ. पी. आहूजा
18. श्री आत्माराम मुदाहेर
19. श्री रूप चन्द

आर. के. जिन्दल, निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 14 अक्तूबर 1991

सं. 98 : (फा. सं. ए-19011/4/90-प्रशा. 1)—दिनांक 29-6-1991 की अधिसूचना सं. ए-19011/4/88-प्रशा. 1 के क्रम में भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारी श्री ए. के. घोष अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को भारत सरकार के पदेन विशेष सचिव का दर्जा भी उसी तारीख से प्रदान किया जाता है जिस दिन से उन्होंने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष के पद का कार्यभार संभाला है ।

दिनांक 17 जनवरी 1992

सं. 2/92 फा. सं. ए-32014/2/91-प्रशा. 1(क)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा, वित्त मंत्रालय, संवर्ग के निम्नलिखित निजी सहायकों को जो राजस्व विभाग में कार्य कर रहे हैं, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग में 2000-60-2300-द.रो.-75-3200-100-3500/- रुपए के वेतनमान में निजी सचिव के रूप में तदर्थ नियुक्ति के आधार पर प्रत्येक के नाम के सामने दर्शाई गई अवधि तक के लिए नियुक्त किया जाता है :—

क्रम सं., नाम तथा पदोन्नति की अवधि

सर्वश्री/सुश्री

1. के. के. कपानिया—1-1-92 से 11-3-92 और 13-3-92 से 30-4-92
2. टी. एल. झण्डा—1-1-92 से 11-3-92 और 13-3-92 से 30-4-92
3. बी. आर. जोतसिंघानी—1-1-92 से 11-3-92 और 13-3-92 से 30-4-92

2. उपर्युक्त कर्मचारियों की तदर्थ नियुक्ति से वे निजी सचिव की रूप में नियमित नियुक्ति के लिए दावा नहीं करेंगे तथा उनके द्वारा तदर्थ आधार पर की गई सेवा को ग्रेड में वरिष्ठता के उद्देश्य से तथा अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति के लिए हिसाब में प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा ।

रमेश कुमार, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी 1992

सं. 1 (फा. सं. ए-32022/4/91-प्रशा. 1क)—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के गृह संवर्ग के श्री हरिन्दर कुमार, निजी सहायक को वर्ष 1990 के लिए निजी सचिव के ग्रेड (वरिष्ठता कोटा) वेतनमान रुपए 2000-60-2300-द. रो.-75-3200-100-3500 हेतु चयन-सूची में उनके नाम को सम्मिलित कर लिए जाने के परिणामस्वरूप वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग में दिनांक 10-1-1992 (अपराह्न) से अगला आदेश होने तक निजी सचिव के पद पर नियुक्त किया है ।

आर. के. जिन्दल, निदेशक (प्रशा.)

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 2 जनवरी 1992

सं. ए-12011/2/92-प्र.2—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के निम्नलिखित अनुभाग अधिकारियों को केन्द्रीय सचिवालय सेवा में ग्रेड-1 तथा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में 4 दिसम्बर, 1991 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त किया है ।

सर्वश्री

1. राजीव कल्सी
2. श्रीमती रीता आचार्य
3. जी. एस. ग्रेवाल
4. अरूण चन्द्रा
5. संजय कुमार शर्मा
6. सुधीर कुमार
7. एस. मुखोपाध्याय
8. एस. के. त्रेहन
9. यशपाल गुप्ता
10. के. एस. साहा
11. टी सी. चन्दा
12. बी. आर. खुराना
13. जे. के. वर्मा
14. के. योगनरसिम्हन
15. बलवन्त सिंह

2. उपर्युक्त नियुक्तियां संघ लोक सेवा आयोग की मंजूरी तथा एम. एल. पी. संख्या 15250/88 अब 1991 की नागरिक अपील संख्या 3797 में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अधीन है । (भारत संघ तथा अन्य बनाम अमृत लाल तथा अन्य) इन अधिकारियों की वरीयता, उपर्युक्त, नागरिक अपील के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के अंतिम निर्णय के तदनुसार निर्धारित की जाएगी ।

प्रदीप पुरी, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 1 जनवरी 1992

सं. ए-22011/2/91-प्र.2—राष्ट्रपति ने, दिनांक 12 दिसम्बर, 1991 के कार्यालय आदेश सं. 13015/1/91-भा. आ. से. के तहत भारतीय आर्थिक सेवा के वरीष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (5900-6700/- रु.) में पदोन्नति के फलस्वरूप निम्नलिखित अधिकारियों को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में उनके नामों के आगे उल्लिखित तारीख से आगामी आदेशों तक अपर आर्थिक सलाहकार (एस. ए. जी.) नियुक्त किया है :—

क्र. सं., नाम तथा नियुक्ति की तारीख

1. श्री बी. पी. सिन्हा—13-12-1991 (पूर्वाह्न)
2. श्री एस. एम. झारवाल—17-12-1991 (पूर्वाह्न)
3. श्रीमती पुष्पम जोसेफ—18-12-1991 (पूर्वाह्न)
4. डा. एन जे. कुरियन—20-12-1991 (पूर्वाह्न)

दिनांक 7 जनवरी 1992

सं. ए-32011/6/91-प्र.2—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के वैयक्तिक सहायक श्री राजकुमार को के. सचि. आशु. सेवा में 2000-3500/- रु. के वेतनमान में आर्थिक कार्य विभाग में 7 जून, 1991 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक निजी सचिव नियुक्त किया है ।

सं. ए-32011/6/91-प्र.2—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के वैयक्तिक सहायक श्री परवेश चन्दर को के. सचि. आशुलिपिक सेवा में 2000-3500 रु. के वेतनमान में 7 जून, 1991 पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक निजी सचिव नियुक्त किया है ।

दिनांक 13 जनवरी 1992

सं. ए. 19011/1/92-प्र. 2—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारी श्री पी. एस. राव को वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग में 9 जनवरी, 1992 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक संयुक्त सचिव नियुक्त किया है ।

यशपाल गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 9 जनवरी 1992

सं. 1/9/88-एन. एस.(1)—इस विभाग की दिनांक 18-7-1991 की समसंख्यक अधिसूचना के अनुक्रम में राष्ट्रपति, राष्ट्रीय बचत संगठन में, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत (वरिष्ठ) श्री एस. आर. डोंगरा की 3000-4500 रुपए के वेतनमान में प्रतिनियुक्ति के आधार पर हुई नियुक्ति की अवधि को 1-1-1992 से 7-7-1992 तक और 6 महीने के लिए बढ़ाते हैं ।

टी. के. सुब्रामणियन, अवर सचिव

(परमाणु ऊर्जा विभाग)

बम्बई-400039, दिनांक 5 दिसम्बर 1991

सं. 6 (1004)/86-प्रशा. 1—श्री के. पदमनाभन, भारतीय पुलिस सेवा (एम एच : 60) ने अपना कार्यकाल समाप्त होने पर परमाणु ऊर्जा विभाग, बम्बई में महानिरीक्षक (सुरक्षा) के पद का कार्यभार 29 नवम्बर, 1991 के अपराह्न में छोड़ दिया ।

दिनांक 16 दिसम्बर 1991

सं. 6(477)/70-प्रशा. 1—राष्ट्रपति, परमाणु ऊर्जा विभाग, बम्बई के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एस. एस. हिरवे को उसी विभाग में 12 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से लेकर अगला आदेश जारी होने तक के लिए विशेष कार्य अधिकारी (वेतनमान रु. 3000-4500) के पद पर नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 23 दिसम्बर 1991

सं. 6(183)/61-प्रशा. 1—राष्ट्रपति, परमाणु ऊर्जा विभाग के नई दिल्ली स्थित शाखा सचिवालय के अवर सचिव (आवधिक) श्री जगदीश लाल को इसी विभाग में 27 नवम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से लेकर अगला आदेश जारी होने तक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वेतनमान रु. 3700-5000) के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं ।

बी. डी. मिश्र, अवर सचिव

बम्बई-400039, दिनांक 10 दिसम्बर 1991

सं. 6/1/91-एएमडी(आई एंड एम)/909—परमाणु ऊर्जा विभाग के परमाणु खनिज प्रभाग, हैदराबाद के वैज्ञानिक अधिकारी/एस ई श्री के. प्रसाद ने अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर लेने पर अपने पद का कार्यभार 31 अक्तूबर, 1991 के अपराह्न में छोड़ दिया ।

सं. 6/1/91-एएमडी(आई एंड एम)/910—परमाणु ऊर्जा विभाग के परमाणु खनिज प्रभाग, हैदराबाद के वैज्ञानिक अधिकारी/एस ई श्री एम. एम. सहाय ने अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर लेने पर अपने पद का कार्यभार 31 अक्तूबर, 1991 के अपराह्न में छोड़ दिया ।

के. दामोदरन, अवर सचिव

बम्बई-400 039, दिनांक 28 नवम्बर 1991

सं. 8/1(5)/91-एचडब्ल्यूएस/1342—वार्धक्य निवर्तन की आयु प्राप्त होने पर, सेवा निवृत्ति के परिणाम स्वरूप, इस विभाग के भारी पानी बोर्ड के उप लेखा नियंत्रक श्री एम. एच. नरवानी ने दिनांक 31 अगस्त, 1991 अपराह्न को अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

सं. 8/1(6)/91-एचडब्ल्यूएस/1343—वार्धक्य निवर्तन की आयु प्राप्त होने पर, सेवा निवृत्ति के परिणामस्वरूप, इस विभाग के भारी पानी बोर्ड (केन्द्रीय कार्यालय) के वैज्ञानिक अधिकारी/इंजीनियर "एस जी" श्री चिक्कामंगलोर भीमाराव नरसिंगराव, ने दिनांक 31 अक्तूबर, 1991 को अपराह्न में अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

पी. वेणुगोपालन, विशेष कार्य अधिकारी

(भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र)

बम्बई-400 085, दिनांक 7 जनवरी 1992

सं. 4 : 40 पीए/36(1)/91-भर्ती—राष्ट्रपति, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र में निम्नलिखित अधिकारियों को वैज्ञानिक अधिकारी/इंजीनियर ग्रेड 'सी' एवं 'एस सी' से संबंधित क्रमशः रु. 2300-100-2800 तथा रु. 2200-75-2800-द. रो.-100-4000 के वेतनमान में दिनांक 1 अगस्त, 1991 के पूर्वाह्न से प्रभावी रूप में आगामी आदेशों तक उनके नाम के सामने उल्लिखित पद पर अस्थायी रूप में नियुक्त करते हैं ।

क्रम सं.	नाम	पद जिस पर नियुक्त किया गया
1	2	3
1.	श्री जायदेव लाहिरी	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
2.	श्रीमति नंदिनी गर्ग	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
3.	कुमारी प्रफुल्ला शेणाय	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
4.	कुमारी केकारथिंद्र मोहन चक्रबोर्ती	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
5.	श्री रंजन मित्तल	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
6.	श्री राजेन्द्रकुमार बालकृष्णन् आशा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
7.	श्री जुबेर अलि चाकेरा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
8.	श्री अचिकनाथ चिराक्करा भासीकुट्टन्	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
9.	श्री हरी प्रसाद उपाध्याय	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
10.	श्री सौम्यकांति अधिकारी	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
11.	श्री चलिल करींथ विनयकुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
12.	श्री अप्पाबुराई सागोरीअस रूफुस	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
13.	कुमारी अंजु बत्रा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
14.	श्री मनोज कुमार सिंह	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
15.	कुमारी नैना राजे	वैज्ञानिक अधिकारी (सी
16.	श्री कुलमणि दाश	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
17.	श्री ध्रुव कुमार सिंह	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
18.	श्री संजय तालुकदार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
19.	कुमारी अनुभा शर्मा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
20.	श्री व्योम सक्सेना	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
21.	श्री प्रदिप कुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
22.	श्री संजय कुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
23.	श्री निर्मल कांति मुखोपाध्याय	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

1	2	3
24.	श्री उमेश दत्तात्रय मालशे	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
25.	श्री दुर्गेश कुमार तिवारी	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
26.	श्री राजेश कुमार मिश्रा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
27.	श्री दयाल चंद्र कार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
28.	श्री मगुलुरी श्रीनिवासा राव	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
29.	श्री मणिक्कोथ थाझाथवीडु राजगोपालन्	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
30.	श्री मोहन कुमार अग्रवाल	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
31.	कुमारी कोटेकेरे वाणी	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
32.	श्री सत्य प्रभात प्रभाकर	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
33.	श्री रमेश कुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
34.	श्री सत्येंद्र कुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
35.	श्री लोकेश चंद्र पोतदार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
36.	श्री राधे श्याम प्रसाद	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
37.	श्री वेद सिंह	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
38.	श्री किशोर कुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
39.	श्री कचम आनंद राव	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
40.	श्री मगनहल्ली रुद्रस्वामी वीरेश कुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
41.	श्री देव मुखोपाध्याय	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
42.	श्री कनक्कस्सेरी जयकुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
43.	श्री कल्याण भांजा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
44.	कुमारी सुलेखा घोसाल	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
45.	श्री हितेन्द्र रावल	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
46.	श्री तुलसी वेंकट कृष्णमोहन	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
47.	श्री अनित कुमार सक्सेना	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
48.	कुमारी निलिमा सिंह	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
49.	श्री जंग बहादुर सिंह	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
50.	श्री अनिरूद्ध बिस्वास	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
51.	श्री जायदिप्ता बनर्जी	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
52.	श्री सुधिर मिश्रा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
53.	श्री रंगनाथ वेंकटेश	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
54.	कुमारी अमिता रामकृष्ण गोयल	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
55.	श्री रूपक घोष	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
56.	श्री सुदिप बसु मल्लिक	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
57.	श्री कामाक्कंचेरिल परमेस्वरन केसवन् नायर	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
58.	श्री उदय शंकर मिश्रा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
59.	श्री गणेश	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
60.	श्री कमलाक्ष कामथ	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
61.	श्री तराइयुर वेंकटरामन वेंकटेसन	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
62.	श्री करियामडाथिल जासेफ शाजन	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
63.	श्री चक्कम्माक्कील वर्घिस क्लेमेंट	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
64.	श्री रजनीश पवनकुमार जैन	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
65.	श्री तपस कुमार भौमिक	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
66.	श्री विवेक मुरलीधर शनवारे	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
67.	श्री तुषार कांति सहा	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
68.	श्री पेरूपयीकट्टु डनिअल बाबु	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
69.	श्री पनिक्कस्सरी वासु सारंगधरन्	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
70.	श्री जार्ज बेन्नी	वैज्ञानिक अधिकारी (एस)
71.	श्री विष्णु कुमार राईकवडी	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
72.	श्री निलेश चिमणलाल गोंहेल	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
73.	श्री गोमु सिवासंकरन्	वैज्ञानिक अधिकारी (एस सी)
74.	श्री अंथिकाड रवी	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
75.	श्री मण्णिक्कथ कृष्णकुट्टी प्रेमराज	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
76.	श्री शिरीष अशोक आंधे	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
77.	श्री कलमाडी राजेश	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
78.	कुमारी गोमति वल्ली	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
79.	श्री सुहास प्रभाकर बोरकर	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
80.	श्री असिम कार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
81.	श्री जेकब जान	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
82.	श्री रत्नर घोष	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
83.	श्री रघुनाथन् राजाराम	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
84.	श्री समिर कुमार मोंडल	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
85.	श्री राकेश रंजन	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
86.	श्री अजय कुमार	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)
87.	श्री विश्वनाथ प्रसाद	वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

1	2	3

88. श्री प्रदीप कुमार शर्मा—वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

89. श्री काज़ी सरीफुर रेहमान—वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

90. श्री विन्सेंट जोंस प्रकाश—वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

91. श्री जयंत कुमार गयेन—वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

92. श्री मणी लाल सिंह—वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

93. श्री कपिलेश भार्गव—वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

94. श्री नवीन रोहत्गी—वैज्ञानिक अधिकारी (सी)

दिनांक 14 जनवरी 1992

सं. पी/3235/रि.तंत्र.प्र./स्था-2/334—श्री महेश प्रसाद ने वैज्ञानिक अधिकारी/ग्रेड (सी) पद का पद भार 11-10-1991 अपराह्न को अपने त्याग पत्र पर छोड़ दिया है।

टी. ए. लक्ष्मीनारायणन्, नियंत्रक

बम्बई-400 085, दिनांक 13 जनवरी 1992

सं. आर/717/लेखा/स्था. 2/320—श्री तिरूनीलाकुड्डी कल्याणसुंदरम् राममूर्ति ने सहायक लेखा अधिकारी पद का पद भार 30-11-1991 अपराह्न को अधिवर्षिता पर छोड़ दिया।

ए. ओ. विसपुते, उप स्थापना अधिकारी

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 जनवरी 1992

सं. 1/1992 (ए./2023/3/92-ई.1)—राष्ट्रपति, भारतीय आर्थिक सेवा के अधिकारी डा. टी. एन. जैतली को दिनांक 16 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक वाणिज्य मंत्रालय में 5900-6700 रु. के वेतनमान में अपर आर्थिक सलाहकार नियुक्त करते हैं।

जगत राम, अवर सचिव

वस्त्र मन्त्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 2 जनवरी 1992

सं. 5/91 (ए-12026/3/91-स्थापना)—राष्ट्रपति, खाद्य विभाग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी श्री डी. पी. सिंह को 19 दिसम्बर, 1991 पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक वस्त्र राज्य मंत्री, श्री अशोक गहलोत के सहायक निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

2. श्री डी. पी. सिंह की नियुक्ति को टर्मीनस आधार पर अथवा जब तक वस्त्र राज्य मंत्री चाहेंगे तब तक के लिए होगी।

कीर्ति कुमार, उप सचिव

रसायन और पेट्रो-रसायन मंत्रालय

(रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 सितम्बर 1991

सं. ए-12011/21/87-स्थापना—इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 27-3-1991 के क्रम में राष्ट्रपति उर्वरक विभाग/रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग के संयुक्त संवर्ग में के. स. आ. सेवा के नियमित आशुलिपिक समूह "ग" श्री अशोक कुमार को 1-1-1991 से 7-4-91 तक की 97 दिनों की अग्रेतर अवधि के लिए रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग में 2000-3500/- रुपए के वेतनमान में पूर्णतया तदर्थ आधार पर के. स. आ. सेवा का आशुलिपिक समूह "ख" नियुक्त करते हैं।

2. श्री अशोक कुमार को विकास आयुक्त (मं.उ.) के कार्यालय में तैनात किया जाता है।

बी. बी. कौरा, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 26 दिसम्बर 1991

सं. ए-11011/3/91-स्थापना—राष्ट्रपति, श्री एम. राजमणि, भा. प्रशा. सेवा (उड़ीसा 1982) जो रुपए 3950-125-4700-150-5000/- के वेतनमान में कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारी हैं, को 9-12-1991 के पूर्वाह्न से उनके द्वारा रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री के निजी सचिव का पद भार छोड़ने तक या अगले आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (डा. चिन्ता मोहन) के निजी सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं।

2. श्री राजमणि की नियुक्ति रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री के कार्यकाल तक सहसमाप्य आधार पर या जब तक मंत्री चाहें, दोनों में से जो भी पहले हो, होगी।

डी. वी. मैंदीरत्ता, अवर सचिव

खाद्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी 1992

सं. 2(2)/91-स्था.1—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के निम्नलिखित अनुभाग अधिकारियों को 4 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक खाद्य मंत्रालय में उसी सेवा के ग्रेड-1 (अवर सचिव) के रूप में नियुक्त करते हैं :—

1. श्री एस. गणेशन
2. श्री एस. एन. गुप्त
3. श्री के. के. सिंह
4. श्री सुखवन्त सिंह
5. श्री एस. सी. शर्मा
6. श्री ए. भट्टाचार्य
7. श्री एम. एम. चोपड़ा
8. श्री आई. एस. ठाकुर
9. श्री डी. सुधाकरन
10. श्री एम. सुधाकरन
11. श्री जी. पी. वेंकटाचलम

12. श्री एन. के. बोहरा
13. श्री डी. पी. सिंह
14. श्री आर. डी. चावला
15. श्री एस. एस. राणा
16. श्री बी. के. बहल
17. श्री सतबीर सिंह
18. श्री सी. एल. लांगायन (अनु. जा.)
19. श्री आई. टोपनो (अ. ज. जा.)

2. सर्वश्री एन. के. बोहरा, डी. पी. सिंह, आर. डी. चावला, एस. एस. राणा, बी. के. बहल, सतबीर सिंह, सी. एल. लांगायन और आई. टोपनो की अवर सचिव के पद पर नियुक्ति उनके लिए वैयक्तिक होगी ।

3. सर्वश्री आई. एस. ठाकुर, डी. सुधाकरन, आर. डी. चावला और बी. के. बहल, जोकि इस समय संवर्ग बाह्य पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं, को प्रोफार्मा पदोन्नति दी जाती है ।

4. उपर्युक्त पदोन्नतियां संघ लोक सेवा आयोग के अनुमोदन और विशेष अनुमति याचिका सं. 15250/88, अब 1991 की सिविल अपील सं. 3797 (भारत संघ और अन्य बनाम अमृत लाल और अन्य) में भारत के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अध्यधीन होंगी ।

एल. धोन्डुप, उप सचिव

नागरिक पूर्ति और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 जनवरी 1992

सं. ए-12011/2/91-प्र. 2—राष्ट्रपति, माप विज्ञान सहायक, श्री बी. वी. एस. पी. रामचन्द्र राव को 2 दिसम्बर, 1991 के पूर्वाह्न से नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में 2200-75-2800—इ.रो.-100-4000 रु. के वेतनमान में पदोन्नति आधार पर सहायक निदेशक, बाट तथा माप के पद पर नियुक्त करते हैं । श्री राव को सहायक निदेशक (बाट तथा माप) के रूप में पदोन्नति श्री के. एन. पटनी बनाम भारत के संघ तथा अन्य के मामले में केन्द्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल, मुख्य शाखा, नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत ओ ए संख्या-2256/88 के परिणाम के अधीन होगी ।

भरत प्रसाद, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 13 जनवरी 1992

